web: www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल
पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 11 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 161

## भारत में जानलेवा हुआ एच3एन2 वायरस, 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा तेजी से पांव पसारने लगा है। खांसी जुकाम के सामान्य लक्षणों वाली इस बीमारी के चलते अब लोगों मौत तक हो रही है। इस खतरनाक वायरस से हरियाणा में एक मरीज की मौत हो गई है। कर्नाटक में भी एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवा दी है। देश में एच3एन2 वायरस के कुल 90 केस हैं। वहीं एच1एन1 के 8 मामले अब तक रिपोर्ट हुए हैं। ऐसे में इस वायरस का तेजी से बढऩा मरीजों के लिए जानलेवा होता जा रहा है।




सांस के वायरस से होने वाली बीमारियों पर करीबी नजर रखने वाले आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने कहा कि एच3एन2 इन्फ्लूएंजा, जो पिछले दो-तीन महीनों से व्यापक रूप से फैल रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले 6 महीने में इन्फ्लुएंजा के केस 200 फीसदी बढ़े हैं। इसकी तीन मुख्य वजहें हैं। इनमें नवंबर से जनवरी महीने तक सर्दी का मौसम, वायु प्रदूषण और वायरल इन्फेक्शन का बढऩा शामिल है।

इन्फ्लूएंजा तीन तरह के होते हैं। ये एच1एन1, एच3एन2 और इन्फ्लूएंजा क्च है। इसको यामा गाटा कहा जाता है। भारत में फिलहाल दो तरह के इन्फ्लूएंजा वायरस एच1एन1 और एच3एन2 की मौजूदगी है। इनमें ज्यादातर केस एच3एन2 के ही हैं। आमतौर पर इन्फ्लुएंजा में खांसी, जुकाम, सांस लेने में दिक्कत होना और कफ जैसे शिकायतें हो सकती है। मरीजों ने गले में दर्द, शरीर दर्द और डायरिया जैसी शिकायतें भी की हैं। ऐसे में खांसी जुकाम को हल्के में लेना भारी भी पड़ सकता है क्योंकि अब यह इन्फ्लुएंजा मौत की वजह तक बन रहा है।

गौरतलब है कि हरियाणा में इन्फ्लुएंजा के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां अस्पतालों में मरीजों की संख्या में 40प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसके केस तेजी से बढ़ रहे हैं।

**क्या है H3N2 वायरस 9** सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार एच3एन2वी एक गैर मानव जनित इन्फ्लूएंजा वायरस है जो सामान्य रूप से सूअरों में फैलता है. हालांकि इसने इंसानों को भी संक्रमित किया है, जिसे 'स्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस' के रूप में जाना जाता है. जब ये वायरस इंसानों को संक्रमित करते हैं, तो उन्हें 'वैरिएंट' वायरस कहा जाता है. सीडीसी के मुताबिक इंसानों में विशिष्ट एच3एन2 वैरिएंट वायरस की पहली बार पहचान 2011 में हुई थी, जिसमें एवियन, स्वाइन और मानव वायरस के जीन थे. इसमें 2009 एच1एन1 महामारी वायरस एम जीन भी पाया गया था.

**एच3एन2 वायरस को लेकर केंद्र सरकार सतर्क-** एच3एन2 वायरस से हुई मौतों के बाद केंद्र सरकार अलर्ट मोड में है। इस संबंध में नीति आयोग शनिवार को एच3एन2 और सीजनल इन्फ्लूएंजा को लेकर बैठक करेगा। बैठक में राज्यों में मौजूदा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। यह देखा जाएगा कि किस राज्य में क्या स्थिति है और किस राज्य को किस तरह की केंद्र से सपोर्ट की जरूरत है। केंद्र ने कहा कि राज्यों को जरूरत पडऩे पर मदद दी जाएगी। संभावना यह भी है कि मार्च के अंत में एच3एन2 वायरस के मरीजों की संख्या घट सकती है। अब तक, कर्नाटक और हरियाणा ने एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से एक-एक मौत की पुष्टि हुई है।

**इन बातों का ध्यान रखना जरूरी**

-हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि एच3एन2 इनफ्लुएंजा वायरस के लक्षण दिखते ही लोगों को फौरन आरटीपीसीआर टेस्ट कराना चाहिए

-अच्छे क्वॉलिटी के मास्क का उपयोग करना चाहिए

-समय-समय पर हाथों को साबुन से अच्छे से धोना चाहिए

-संक्रमित लोगों के संपर्क में आने से खुद को बचाना चाहिए

-पैनिक होने के बजाए बचाव के उपाय करने चाहिए

-जिन लोगों की इम्युनिकी कम है या गंभीर बीमार है, ऐसे लोगों का खास ख्याल रखें

### देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 3,294

भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 440 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढक़र 4,46,89,512 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 3,294 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोरोना वायरस संक्रमण से अभी तक 5,30,779 लोगों की जान जा चुकी है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में अभी तक कुल 4,41,55,439 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.64 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वडोदरा चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े ने किया हमला; क्यूरेटर घायल

**वडोदरा (अहमदाबाद) (आरएनएस)।** गुजरात के वडोदरा शहर में एक चिड़ियाघर में क्यूरेटर और सुरक्षा पर्यवेक्षक पर एक दरियाई घोड़े ने हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों का इलाज चल रहा है। सुरक्षा पर्यवेक्षक की हालत गंभीर है। वडोदरा के नगर आयुक्त बी. एन. पाणि ने बताया कि घटना शाम के समय हुई जब सयाजी बाग चिड़ियाघर के क्यूरेटर जानवरों की नियमित जांच के लिए दरियाई घोड़े के बाड़े में गए थे। तभी जानवर ने क्यूरेटर प्रत्युष पाटणकर और सुरक्षा पर्यवेक्षक ईथाप रोहिदास पर हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पाणि ने बताया कि सुरक्षा पर्यवेक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है और वह चिकित्सकों की निगरानी में है। वडोदरा चिड़ियाघर में मादा दरियाई घोड़ा डिंपी और उसकी संतान मंगल रहते हैं। पिछले दिनों डिंपी ने अपने नर साथी पर हमला कर उसे मार डाला था।

### अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास/ कटलास एक्सप्रेस 23 में आईएनएस त्रिकांड की भागीदारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईएनएस त्रिकंद ने 05 से 09 मार्च 2023 तक खाड़ी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास/ कटलैस एक्सप्रेस 2023 के समुद्री चरण-ढ्ढ में भाग लिया। इस अवधि के दौरान, जहाज ने बहरीन, जापान की नौसेना इकाइयों के साथ अभ्यास किया। समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने, शिपिंग लेन को खुला रखने और नेविगेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के सामान्य उद्देश्य के साथ ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और यूएसए। आईएनएस त्रिकंद भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है और मुंबई में मुख्यालय वाले पश्चिमी नौसेना कमान के तहत काम करता है। वह एक आधुनिक युद्धपोत है जिसमें उसे गुढ़, तेज और दुर्जेय बनाने के लिए उन्नत तकनीकें हैं। लंबी पहुंच और अत्याधुनिक कॉम्बैट सूट के साथ, जहाज को नौसेना के संचालन के व्यापक स्पेक्ट्रम के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### भारतीय वायु सेना ने छह डोर्नियर-228 विमानों के लिए 667 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने 667 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से भारतीय वायु सेना के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस विमान का उपयोग आइएएफ द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट रोल और संचार कर्तव्यों के लिए किया गया था। इसके बाद, इसका उपयोग भारतीय वायुसेना के परिवहन पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भी किया गया है। छह विमानों की वर्तमान खेप एक उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी। यह विमान उत्तर पूर्व के अर्ध-तैयार/लघु रनवे और भारत की द्वीप श्रृंखलाओं से छोटी दूरी के संचालन के लिए आदर्श रूप से अनुकूल है। छह विमानों के शामिल होने से दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा।

## जम्मू में सनकी प्रेमी की करतूत, महिला डॉक्टर को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू के जानीपुर क्षेत्र में एक महिला चिकित्सक की उसके प्रेमी ने चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं आरोपी ने आत्महत्या का प्रयास किया और खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मृतका की पहचान जम्मू के तल्लब तिल्लो निवासी सुमेधा शर्मा (27) जबकि आरोपी की पहचान पंपोश कॉलोनी निवासी जौहर गनई (30) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को प्रेमी और प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इस दौरान आरोपी ने किचन में रखे हुए चाकू से वारकर अपने प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया।

यह घटना तब सामने आई जब आरोपी के एक रिश्तेदार ने पुलिस को सूचित किया कि जौहर गनई ने फेसबुक पर पोस्ट किया था कि वह कुछ निजी मुद्दों के कारण सुसाइड करने जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस जम्मू के जानीपुर में जौहर के घर गई।

पुलिस यहां पहुंची तो देखा कि घर का मेन गेट अंदर से बंद है। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोडक़र अंदर पहुंची जहां सुमेधा का शव खून से लथपथ पड़ा था। आरोपी के पेट में चाकू से वार के निशान थे। पुलिस ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया लेकिन सुमेधा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## लालू परिवार, राजद नेताओं के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

### 0-नौकरी के बदले जमीन घोटाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने 'नौकरी के बदले जमीन घोटाला' मामले में धनशोधन की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को बिहार के शहरों एवं कई अन्य जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की तीन पुत्रियों और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं के परिसरों में की गई।



अधिकारियों ने कहा कि छापे पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), रांची और मुंबई में लालू प्रसाद की बेटियों रागिनी यादव, चंदा यादव और हेमा यादव और राजद के पूर्व विधायक अबू दोजाना से जुड़े परिसरों में मारे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह मामला, लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के पद पर रहने के दौरान उनके परिवार को तोहफे में भूखंड प्राप्त होने या इसे बेचने के बदले में लोगों को रेलवे में कथित तौर पर नौकरी दिये जाने से संबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले में आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत प्रसाद, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ एक आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी आरोपियों को 15 मार्च को तलब किया गया है।

ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत से उपजा है जिसे धनशोधन रोकथाम अधिनियम की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

इस मामले में सीबीआई ने हाल ही में राजद के नेता लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी से पूछताछ की थी।

## पति की हत्या कर शव को घर में जलाने की कोशिश, पुलिस को रोकने के लिए दरवाजे पर लगाया करंट

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत ओल्ड सुभाष कॉलोनी में एक महिला ने अपने पति की हत्या कर उसके शव को घर में ही जलाने की कोशिश की। महिला ने खुद को घर में कैद कर लिया और पुलिस को घर के अंदर दाखिल होने से रोकने के लिए दरवाजे पर बिजली का करंट दौड़ा दिया। महिला लाठी लेकर छत पर चढ़ गई और पड़ोसियों को धमकाया। पुलिस बड़ी मुश्किल से घर के अंदर दाखिल हुई, जहां से उसके पति अमरनाथ सिंह का अधजला शव बरामद किया गया।

अमरनाथ सिंह ट्रांसपोर्टिंग और रियल इस्टेट के बिजनेस से जुड़े थे। हत्या की आरोपी उनकी पत्नी मीरा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।



ओल्ड सुभाष कॉलोनी लाइन नंबर 3 सी स्थित मकान में रहने वाले मीरा सिंह और अमरनाथ सिंह के दो बच्चे हैं, जो पढ़ाई और नौकरी के सिलसिले में पुणे और बेंगलुरु में रहते हैं। पड़ोसियों के मुताबिक मीरा सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता रहता था। बीती रात उनके घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को किसी अनहोनी का संदेह हुआ। पता चला कि अमरनाथ सिंह चार-पांच दिनों से घर के बाहर नहीं आए हैं।

पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुणे में रहने वाले उनके बेटे को दी। उनके बेटे ने जमशेदपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। इसके बाद उलीडीह और मानगो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो मीरा सिंह हंगामा करने लगी। वह लाठी लेकर छत पर चढ़ गईं और लोगों को धमकाने लगीं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने घर में बिजली का करंट दौड़ा दिया।

बाद में पुलिस ने इलाके की बिजली कटवाने के बाद घर में प्रवेश किया तो अमरनाथ सिंह का अधजला शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ट्रक-कार एवं बाईक की हुई भिंड़ंत, 5 की मौत, 1घायल

**बालोद (आरएनएस)।** डौंडी ब्लॉक के मरकाटोला के पास भीषण दुर्घटना में ट्रक कार एवं मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत से 5 लोगों की मौत 1 घायल लगातार हो रही सडक़ दुर्घटनाओं के पीछे इस मार्ग में आयरन और परिवहन करने वाली गाडिय़ां है लगातार सडक़ दुर्घटना मैं बढ़ोतरी हो रही है ट्रकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है प्रशासन अपने लाभ के लिए इन पर कोई सार्थक प्रयास करता नजर नहीं आ रहा है बाईपास का मार्ग का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है तेज रफ्तार एवं आपसी प्रतिस्पर्धा एवं ज्यादा लोड के लालच में ट्रक मालिकों द्वारा ड्राइवर से दिन-रात ट्रक चलावाया जा रहा है। आज फिर एक बार एक सडक़ हादसे में कार में सवार 4 लोगो सहित 1 बाइक सवार कुल 5 लोगो की मौत की खबर सामने आ रही है वही एक की हालत गंभीर बताई जा रही हैपूरा मामला डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मरकाटोला के पास का बताया जा रहा है पूरे मामले में मिली जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक छ्त्र 19क्च 1705 आयरन ओर भरकर भानुप्रतापपुर की ओर से बालोद की ओर आ रही थी इसी दरमियान एक बाइक



और उसके पीछे एक कार भानुप्रतापपुर की ओर जा रही थी इस बीच ट्रक और कार की भिंडत हो गई तथा बीच में चल रहे बाइक सवार भी दुर्घटना का शिकार हुआ कार सवार एवं मोटरसाइकिल पर सवार 5 लोगों की दुर्घटना में मृत्यु की सूचना प्राप्त हो रही है एवं एक अन्य गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है इस दुखद घटना से आम राहगीरों में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है ट्रेन की सहायता से तत्काल कार को हटाया गया।

## मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम के सामने उठाया हिंदू मंदिरों पर हमले का मुद्दा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ मुलाकात के दौरान कई अहम मुद्दों पर वार्ता हुई। मोदी ने मुलाकात के दौरान ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हुए हमलों और भारतीयों की सुरक्षा का जिक्र किया।

इस पर एंथनी ने सुरक्षा का आश्वासन दिया। इससे पहले पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'सुरक्षा सहयोग हमारी रणनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। इंडो पैसेफिक क्षेत्र में हम लोग आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसपर चर्चा हुई है। रक्षा के क्षेत्र में हमने पिछले कुछ सालों में उल्लेखनीय समझौते किए हैं।'

मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, यह अफसोस की बात है कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया से मंदिरों पर हमले की लगातार खबरें आ रही हैं, मैंने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की खबरें देखी हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे खबरें भारत में सभी लोगों को चिंतित करती हैं, मैंने इस बारे में पीएम एंथनी अल्बनीज को बता दिया है और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई उनके लिए प्राथमिकता है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। आज वह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अल्बानीज ने भारत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेरा बहुत अच्छे से स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया और भारत अच्छे दोस्त हैं और पार्टनर भी हैं। हम रोज अपने संबंध को और मजबूत कर रहे हैं। इसके बाद पीएम अल्बानीज ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की।



## शी जिनपिंग लगातार तीसरी बार बने चीन के राष्ट्रपति

### 0 टूटी 40 साल पुरानी परंपरा

**बीजिंग।** शी जिंगपिंग को तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुना गया है। नेशनल पीपल्स कांग्रेस की 14वीं बैठक में शी के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने पर मुहर लग गई थी। 10 मार्च 2023 को उनका तीसरा कार्यकाल दिया गया। बता दें कि यह पहली बार है कि कोई नेता लगातार तीसरी बार देश का राष्ट्रपति चुना गया है। बीते साल अक्टूबर में चीन की पीपल्स पार्टी की सालाना नेशनल पीपल्स कांग्रेस का आयोजन किया गया था। उसी नेशनल पीपल्स कांग्रेस में शी जिनपिंग को सर्वोच्च नेता चुना गया था। शुक्रवार को जिनपिंग ने आधिकारिक तौर पर अपना पद संभाल लिया। शुक्रवार को ही जिनपिंग को चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन का अध्यक्ष भी चुन लिया गया।

राष्ट्रपति चुने जाने के बाद शी जिनपिंग सोमवार को पार्टी की संसदीय बैठक को संबोधित करेंगे। वहीं सोमवार शाम में ही शी जिनपिंग पत्रकारों से बात करेंगे। इस हफ्ते की शुरुआत में ही चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने एक ड्राफ्ट प्लान पेश किया था, जिसमें बताया गया है कि कम्युनिस्ट पार्टी सरकार पर अपना सीधा नियंत्रण बढ़ाने वाली है। अक्टूबर में हुई कम्युनिस्ट पार्टी की सालाना कांग्रेस में ही शी जिनपिंग ने अपनी नई टीम का चुनाव भी किया था।



जिसके तहत ली कियांग को चीन का नया प्रधानमंत्री चुना गया था। साथ ही ली शी, डिंग जुएक्सियांग और काई क्यूई को भी जगह दी गई है।

शी जिनपिंग के सत्ता में आने से पहले चीन के राष्ट्रपति पांच साल के दो कार्यकाल या अधिकतम 68 साल की उम्र तक ही राष्ट्रपति रह सकते थे लेकिन साल 2013 में सत्ता में आए शी जिनपिंग ने इस नियम को खत्म कर दिया। यही वजह है कि शी जिनपिंग 69 साल के होने और दो कार्यकाल सफलतापूर्वक कर लेने के बाद भी तीसरी बार अभूतपूर्व तरीके से देश के राष्ट्रपति चुने गए।